RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : गुरूवार 13 जुलाई 2023 वर्ष 05 अंक 81 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 8 कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# सीएम एकनाथ शिंदे करेंगे महाराष्ट्र का दौरा

## पुणे, कोल्हापुर,नवी मुंबई में होगी बड़ी रैली...ठाणे से शुरू होगी सीएम की संपर्क यात्रा



**मुंबई :** राज्य की राजनीति में हो रहे बदलाव के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी अपने नेतृत्व वाली शिवसेना के संगठन को मजबूत बनाने के लिए महाराष्ट्र का दौरा करने जा रहे हैं। राज्य की राजनीति में चल रही उठापटक को देखते हुए एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार और यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे भी राज्य के अलग-अलग इलाकों का दौरा कर रहे हैं। बताया गया कि सीएम शिंदे के राज्य व्यापी दौरे की शुरूआत ठाणे से होने वाली हैं। राज्य सरकार का नेतृत्व कर रहे सीएम एकनाथ शिंदे पिछले कुछ महीनों से संगठन पर ध्यान नहीं दे पा रहे थे। हालांकि सीएम के पुत्र औप सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे मुंबई सहित राज्य भर में दौरा कर संगठन के कार्यक्रमों में शामिल होकर शिवसैनिकों से संवाद साधते रहे हैं। शिवसेना के प्रवक्ता नरेश म्हस्के ने बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में ठाणे में जन प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और शिवसैनिकों की बैठक की जाएगी।

### पुणे, कोल्हापुर,नवी मुंबई में होगी बड़ी रैली

बताया गया कि आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे की बड़ी रैली पुणे, कोल्हापुर और नवी मुंबई में आयोजित की जाएगी। इसकी तैयारी के लिए गुरुवार की शाम ठाणे में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक होगी। स्वयं सीएम बैठक में मार्गदर्शन करेंगे। उसके बाद राज्य व्यापी दौरा ठाणे से शुरू होगा। शिवसेना के सचिव संजय मोरे के अनुसार, शिवसेना पार्टी प्रमुख एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में पूरे महाराष्ट्र के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, शिवसैनिकों से सीधे संपर्क कर बैठकें आयोजित की जाएंगी। पहले चरण में पुणे, कोल्हापुर, नवी मुंबई में रैलियां होंगी।

### ठाणे से शुरू होगी सीएम की संपर्क यात्रा

मुख्यमंत्री का मजबूत गढ़ माने जाने वाले ठाणे से संपर्क यात्रा शुरू करने का प्लान है। इसकी जोरदार तैयारी की जा रही हैं। पार्टी पदाधिकारियों, महिला अघाड़ी, युवा सेना और सभी शिवसैनिकों की बैठक आयोजित की गई है। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीएम ने संगठन में उत्साह भरने की कवायद शुरू कर दी है। उनके इस दौरे को शिवसेना के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# ठाणे पुलिस ने 20 पिस्तौल और गोला-बारूद के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार



**महाराष्ट्र :** मध्य प्रदेश के एक वांछित व्यक्ति को सीमावर्ती जिले धुले के रास्ते महाराष्ट्र में हथियारों और गोला-बारूद के बड़े जखीरे की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया है। शीर्ष अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। ठाणे के पुलिस उपायुक्त (अपराध) शिवराज पाटिल ने कहा, पुलिस ने 2 मैगजीन के साथ एक देशी मशीन गन, 20 स्थानीय रूप से निर्मित स्टील पिस्तौल और 280 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सोमवार को, वागले एस्टेट पुलिस स्टेशन की अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विकास जी. को एक गोपनीय सूचना मिली कि माजा नाम का एक व्यक्ति धुले में कुछ हथियार और गोला-बारूद पहुंचाने के लिए मध्य प्रदेश से महाराष्ट्र की सीमा पार करेगा। गुप्त सूचना की पुष्टि करने के बाद, विकास ने तुरंत अपराध शाखा के अधिकारियों की एक टीम बनाई, जो धुले के पलासनेर शहर पहुंची। पाटिल ने कहा, मंगलवार तड़के आरोपी हथियारों और गोला-बारूद के साथ पहुंचे और ठाणे अपराध शाखा टीम द्वारा बिछाए गए जाल में फंस गए।


# बड़े बिल्डरों को बीएमसी चुनावों में बीजेपी का मजबूती से समर्थन करने की उम्मीद



**मुंबई :** डी-कंपनी मुंबई में रियल्टी बूम से भारी मुनाफा कमाने के लिए शहर की एक प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी पर भारी दांव लगा रही थी। हालांकि, कुप्रबंधन और सुरक्षा एजेंसियों की जांच के कारण इस फर्म की गिरावट के बाद, भाई ने अब दक्षिण के एक बड़े टाइकून की ओर रुख कर लिया है। इस टाइकून द्वारा वर्तमान में शहर में तीन मेगा ग्रीनफील्ड परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इसके अलावा, यह रियल एस्टेट प्रमुख बड़ी पार्टियों के पुनर्विकास पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है। पुख्ता जानकारी है कि यह शख्स भी खुफिया एजेंसियों की जांच के घेरे में आ गया है. यह केवल समय की बात है कि उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

बीएमसी चुनाव के लिए अनुकूल नींव रखना अक्टूबर-नवंबर में होने वाले बीएमसी चुनावों के लिए मुंबई के बड़े बिल्डरों द्वारा भाजपा का मजबूती से समर्थन करने की उम्मीद है। चुनाव अधिकारियों ने पहले ही संबंधित अधिकारियों से मतदाताओं की सूची के बारे में पूछ लिया है; जो स्पष्ट संकेत है कि चुनाव कराने की तैयारी चल रही है।

# महाराष्ट्र में विधानसभा सत्र की अवधि में 34 प्रतिशत की गिरावट



**महाराष्ट्र :** एक एनजीओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि महाराष्ट्र में विधानसभा सत्र की अवधि 12वीं विधानसभा में 58 दिनों से घटकर 14वीं विधानसभा में 38 दिन हो गई। इसमें कहा गया है कि प्रति सत्र की अवधि में औसत गिरावट 12वीं विधानसभा (शीतकालीन सत्र 2011 से शीतकालीन 2012 तक) में 15 दिनों से 60 प्रतिशत तक घटकर 14वीं विधानसभा (शीतकालीन सत्र 2021 से शीतकालीन 2022 तक) में केवल छह दिन रह गई है। परिणामस्वरूप, इसी अवधि में, पूछे गए प्रश्नों की संख्या 12वीं विधानसभा में 11,214 से 67 प्रतिशत कम होकर 14वीं विधानसभा में 3,749 हो गई, जैसा कि 'मुंबई का एमएलए रिपोर्ट कार्ड, 2023' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है। ''संवैधानिक लोकतंत्र में, जब मुंबई जैसे शहर में शासन का तीसरा स्तर काम नहीं कर रहा है (कोई निर्वाचित निकाय नहीं है) और राज्य विधानसभा की पर्याप्त बैठक नहीं हो रही है; प्रजा फाउंडेशन के सीईओ मिलिंद म्हस्के ने कहा, ''विधानसभा में संबोधित किए जाने वाले प्रश्नों और मुद्दों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट आई है।'' इसमें कहा गया है कि मुंबई में शीर्ष तीन रैंक वाले विधायक कांग्रेस के अमीन पटेल (जिन्होंने 100 में से 82.80 अंक), शिवसेना-यूबीटी के सुनील प्रभु (81.30), और भाजपा की मनीषा चौधरी (75.05) हैं। रिपोर्ट कार्ड के अनुसार, उन्होंने विचार-विमर्श मंचों पर अपने संवैधानिक कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से निभाकर, यानी बड़ी संख्या में नागरिक मुद्दों को उठाकर और विधानसभा सत्रों में सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज करके उच्चतम अंक हासिल किए। ''मुंबई का एमएलए रिपोर्ट कार्ड, 2023'' विधायकों के संवैधानिक और विधायी कर्तव्यों के आधार पर उनके प्रदर्शन का आकलन करता है।

# ठाणे में एक चॉल में दीवार का एक हिस्सा गिरा, कोई घायल नहीं



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक चॉल के खाली कमरे की दीवार का एक हिस्सा ढह गया। स्थानीय निकाय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम के जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे राम नगर में हुई इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि चॉल के बगल के तीन घरों में रहने वाले लोगों को एहतियात के तौर पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है।




## संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

### अराजक यातायात

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुए एक भीषण हादसे में कार सवार छह लोगों की मौत ने फिर यह बताया कि अपने देश में जैसे-जैसे अच्छी सड़कें बन रही हैं, वैसे-वैसे ही दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं और उनमें जान गंवाने वालों की संख्या भी। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हादसा इसलिए हुआ, क्योंकि एक कार की भिड़ंत गलत दिशा से आ रही बस से हो गई। यह अंधेरगर्दी ही है कि यह बस करीब आठ किमी तक गलत दिशा में चलती रही, लेकिन किसी ने उसे रोका-टोका नहीं। आखिर कोई यह देखने वाला क्यों नहीं था कि बस चालक ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डाल रहा है?

जैसा दर्दनाक हादसा दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुआ, वैसे देश भर में होते ही रहते हैं। एक्सप्रेसवे, हाईवे आदि पर होने वाले हादसों में न जाने कितने लोग मरते और अपंग होते हैं, लेकिन इसके ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं कि उनमें ट्रैफिक नियमों का पालन हो। यह तो बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए कि एक्सप्रेसवे या हाईवे पर गलत दिशा में वाहन चलें, लेकिन ऐसा खूब होता है। इतना ही नहीं, तेज गति के लिए उपयुक्त इन मार्गों पर हर किस्म के वाहन गलत तरीके से चलते हैं। एक्सप्रेसवे पर दोपहिया वाहन भी दिख जाते हैं और कभी-कभी तो तीन सवारी के साथ। ट्रैफिक नियमों का ऐसा खुला उल्लंघन ही जानलेवा दुर्घटनाओं का कारण बनता है। एक आंकड़े के अनुसार अपने देश में प्रति वर्ष डेढ़ लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह बहुत बड़ी संख्या है, लेकिन इसके बाद भी मार्ग दुघर्टनाओं को रोकने के लिए वैसे जतन नहीं किए जा रहे, जैसे अनिवार्य हो चुके हैं। अपने देश में यातायात पुलिस की भारी कमी है, लेकिन उसे दूर करने का काम प्राथमिकता से बाहर है। जहां कहीं एक्सप्रेसवे, हाईवे आदि पर यातायात पुलिसकर्मी होते भी हैं, वे खानापूरी करते हैं। वे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान कर कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं।

आमतौर पर चालान का शिकार वाहन चालक इसलिए बेपरवाह बना रहता है, क्योंकि वह मामूली जुमार्ना देकर छूट जाता है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर जो बस कार सवार लोगों के लिए काल बनी, उसका कम से कम 15 बार चालान हो चुका था। इसके बाद भी उसके चालक की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा। यह समझा जाना चाहिए कि इस तरह के दिखावे के चालान से अराजक यातायात और उसके चलते होने वाले जानलेवा हादसों पर लगाम नहीं लगने वाली। लगाम तब लगेगी जब यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को कठोर दंड का भागीदार बनाया जाएगा। इसी के साथ लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने की भी सख्त आवश्यकता है, क्योंकि अभी तो स्थिति यह है कि लोग यह जानते हुए भी मनमाने तरीके से वाहन चलाते हैं कि वे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो सकते हैं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई में शख्स ने महिला के खींचे बाल, बरसाए लात-घूंसे, गोद में बच्चा लिए पीड़िता का वीडियो वायरल

**मुंबई :** मुंबई से सटे वसई में एक महिला की पिटाई का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. सीसीटीवी कैमरे में एक शख्स महिला को थप्पड़ और लात-घूंसे मारता नजर आ रहा है. वीडियो में शख्स पीड़िता को बाल पकड़कर पीटते हुए कैद हो गया है, जबकि उसकी गोद में एक बच्चा भी है. ये घटना वसई रोड वेस्ट स्टेशन इलाके की है. घटना पिछले रविवार की बताई जा रही है, जिसका सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है जो तेजी से वायरल हो रहा है.



**क्या है पूरा मामला?**


इस वायरल वीडियो में पहले एक शख्स बच्चे को गोद में लिए महिला को पीटता है. चीखने-चिल्लाने से आस-पास के लोग वहां जमा हो जाते हैं. लेकिन उस समय कोई उस महिला और बच्चे को आगे बढ़कर नहीं बचाता है. अचानक फिर ऐसा कुछ होता है कि वहां 2 से 3 महिलाएं आ जाती है और पीड़िता को बचाने की कोशिश करने लगती है. बचाने आई महिला पीट रहे शख्स का कॉलर पकड़कर उसे पीड़िता से अलग करने की भी कोशिश करती है. फिलहाल इस वायरल सीसीटीवी से यह साफ नहीं हो पाया है कि इस महिला को शख्स क्यों पीट रहा है. ये भी साफ नहीं है कि क्या ये कोई पारिवारिक विवाद है या कुछ और है.

**घटनास्थल से 100 मीटर की दूरी पर था पुलिस स्टेशन**

इंडिया टीवी के अनुसार, वसई में एक महिला की पिटाई का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. सीसीटीवी कैमरे में एक शख्स महिला को थप्पड़ मारते दिख रहा है. सीसीटीवी में घटनास्थल से वसई मानिकपुर पुलिस स्टेशन सिर्फ 100 मीटर की दूरी पर ही है. बावजूद इसके मौके पर कोई पुलिस अधिकारी दिखाई नहीं दे रहा है.

# 45 मिनट का सफर 10 मिनट में होगा पूरा...

## मीरा-भायंदर को जोड़ेगी एलिवेटेड लिंक रोड, 3 कंपनियों ने दिखाई रुचि



**मुंबईः** दहिसर से मीरा-भायंदर के बीच बनने वाले एलिवेटेड लिंक रोड को बनाने के लिए तीन कंपनियों ने रुचि दिखाई है। इससे इस एलिवेटेड लिंक रोड के बनने का काफी हद तक रास्ता साफ हो जाएगा। इससे पहले प्रोजेक्ट के लिए बीएमसी ने तीन बार टेंडर जारी किया था, लेकिन किसी कंपनी ने रुचि नहीं दिखाई थी। बीएमसी के उपायुक्त उल्हास महाले ने बताया कि टेंडर भरने की मंगलवार को आखिरी तारीख थी। तीन कंपनियां जे कुमार, एल ऐंड टी, एफकॉन इन्फ्रास्ट्रक्चर ने टेंडर भरे हैं। इन्हीं तीनों में से किसी एक को काम सौंप दिया जाएगा। इस प्रॉजेक्ट के बनने पर जिस सफर को पूरा करने में 45 मिनट का समय लगता है, उसे महज 10 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। बीएमसी को उम्मीद है कि वर्ष 2026 तक दहिसर-मीरा-भायंदर एलिवेटेड लिंक रोड का काम पूरा हो जाएगा। बीएमसी को इस प्रोजेक्ट पर 3186 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि फाइनल लागत टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही तय होगी। मुंबई और एमएमआर के बीच सड़क सेवा बेहतर करने के लिए बीएमसी कई प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। दहिसर से मीरा-भायंदर के बीच बननेवाला एलिवेटेड लिंक रोड प्रमुख है। इस रोड के बनने से मुंबई से मीरा-भायंदर, वसई-विरार, पालघर, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली की ओर जाने में लोगों को ट्रैफिक की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# मुंबई में सड़क पर वरिष्ठ नागरिकों को ठगने वाला व्यक्ति गिरफ्तार...



**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में सड़क पर वरिष्ठ नागरिकों को गुमराह कर उनके आभूषण चुराने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उस व्यक्ति ने खुद को एक नेकदिल व्यक्ति के तौर पर पेश कर अपने आभूषण और पैसे उसे सौंपने का झांसा दिया था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी संजय मांगड़े (50) को नौ जुलाई को पश्चिमी उपनगर बोरीवली में 62 वर्षीय एक व्यक्ति की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया था। संजय से पूछताछ में पता चला कि उसने मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में 28 और वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाया था। बोरीवली में कस्तूरबा मार्ग पुलिस थाने के अधिकारी ने कहा कि पुलिस अब मांगड़े के साथी विजय तांबे की तलाश कर रही है, जो फरार है। पुलिस ने अपनी जांच के दौरान पाया कि आरोपी केवल वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाते थे। पुलिस ने नागरिकों से सड़क पर अनजान व्यक्तियों पर भरोसा न करने का भी आग्रह किया है।

# मुंबई से कांवड़ उठाने आए युवक की करंट से मौत!



**मुंबई :** कांवड़ यात्रा में शामिल होने मुंबई से आए रुधौली थाना क्षेत्र के कुड़िया पचारी गांव निवासी एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। सोमवार देर शाम टुल्लू पंप चला कर नहाते समय यह हादसा हुआ। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पत्नी रो-रोकर बार-बार बेहोश हो जा रही है। कुड़िया पचारी निवासी धनराज सोनी के पांच बेटियों के बाद अर्जुन पैदा हुए थे। जो आर्थिक समस्या के चलते मुंबई में अपना व्यवसाय करके परिवार का भरण पोषण करते थे। सावन में चल रही कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए सोमवार को ही दिन में 11 बजे वह मुंबई से घर पहुंचे थे। शाम को लगभग सात बजे जब अर्जुन (28) टुल्लू पंप चला कर नहाने लगे तो उसी समय टुल्लू पंप में करंट उतर गया। वह करंट की चपेट में आ गए। आधे घंटे तक जब वह नहीं लौटे तो पत्नी ढूंढते हुए नल के पास तक गई।

# हजारों लोगों के घर मिलने के सपने को 'गेस्ट' ने रोका,

## लॉटरी समारोह के लिए म्हाडा को नहीं मिल रहा कोई मेहमान

### 1.45 लाख लोग लॉटरी में अपनी किस्मत आजमा रहे




**मुंबई:** म्हाडा लॉटरी की तिथि मेहमान को लेकर असमंजस के चलते नहीं घोषित हो पा रही है। एक म्हाडा अधिकारी के मुताबिक, लॉटरी जारी करने के लिए किसी बड़े गेस्ट का समय नहीं मिलने के कारण आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद भी म्हाडा लॉटरी जारी करने की तारीख घोषित नहीं कर पा रही है।

महाराष्ट्र गृह निर्माण क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) के मुंबई बोर्ड की लॉटरी की आवेदन प्रक्रिया समाप्त हो गई है। मुंबई में अपना एक घर होने का सपना पूरा करने के लिए 1.45 लाख लोग लॉटरी में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इन दिनों मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मंत्रालय बंटवारे को लेकर खींचतान चल रही है। इसी के चलते नेतागण उसमें व्यस्त हैं। इसी वजह से समय निश्चित करने में दिक्कत हो रही है। संभव है कि मंत्रालय भी बदल जाएं। ऐसे में, म्हाडा जल्दबाजी के मूड में नहीं है।

**चार साल से इंतजार**

2019 से लोग मुंबई में म्हाडा की लॉटरी का इंतजार कर रहे हैं। 4082 घरों की लॉटरी के लिए 22 मई से आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। 11 जुलाई की शाम 6 बजे लॉटरी के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया बंद हो गई है। आरटीजीएस और एनईएफटी के माध्यम से डिपॉजिट मनी जमा करने की अवधि भी 12 जुलाई को खत्म हो जाएगी। मंगलवार शाम 6 बजे तक लॉटरी में शामिल होने के लिए 1,45,849 आवेदकों ने रजिस्ट्रेशन किया है, वहीं 1,19,278 आवेदकों ने डिपॉजिट मनी जमा कर सभी अनिवार्य प्रक्रिया पूरी कर ली है।

# शूटर साबिर का मुंबई कनेक्शन!

## धारावी है 5 लाख के इनामी का नया ठिकाना, पहली पत्नी की तलाश कर रही STF



**मुंबई :** उमेश पाल और उनके दो सरकारी गनर की हत्या में वांछित पांच लाख के इनामी शूटर साबिर का मुंबई कनेक्शन सामने आया है। पता चला है कि साबिर की पहली बीवी मुंबई के धारावी में रहती है। शूटर के अपनी पहली बीवी के ठिकाने पर छिपे होने की संभावना जताई गई है। पुलिस, स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम सुराग जुटाते हुए शूटर, उसकी बीवी की तलाश कर रही है। इसके लिए मुंबई पुलिस और महाराष्ट्र एसटीएफ से भी संपर्क साधा गया है। सही लोकेशन ट्रेस होने पर यहां से टीम भेजने की बात कही जा रही है।

जयंतीपुर सुलेम सराय में 24 फरवरी की शाम उमेश पाल सहित तीन लोगों की गोली, बम मारकर हत्या हुई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मरियाडीह पूरामुफ्ती निवासी साबिर की पहचान हुई। हत्याकांड में शामिल अतीक के बेटे असद, शूटर गुलाम, साबिर समेत अन्य पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम घोषित हुआ। एसटीएफ व पुलिस की मुठभेड़ में पांच आरोपित ढेर हो चुके हैं लेकिन साबिर, बमबाज गुड्डू मुस्लिम व अरमान वांछित हैं।

सूत्रों का कहना है कि कुछ दिन पूर्व पुलिस को एक इनपुट मिला, जिसमें बताया गया साबिर अपनी पहली बीवी के ठिकाने पर छिप सकता है। मुंबई का धारावी इलाका भूलभुलैया माना जाता है और वहां ज्यादातर लोग चाल यानी खोली में रहते हैं।

# प्लास्टिक का इस्तेमाल मानव जनजीवन और बेजुबान जानवरों के लिए खतरनाक




**मुंबई :** सिंगल यूज प्लास्टिक बैन को लेकर पिछले दिनों खूब हंगामा हुआ। लेकिन अब सब शांत है। निश्चित रूप से बढ़ता प्लास्टिक मानव जीवन, प्राकृतिक और अन्य जीवों के आयामों को तहस-नहस करने में लगा है। संसार में प्लास्टिक से निर्मित वस्तुओं का बड़ा बाजार फैल चुका है। लोग मुनाफा कमा रहे हैं और हुकूमतें रेवेन्यू? इसलिए दोनों वर्गों के गठजोड़ के चलते प्लास्टिक पर बैन की बातें बेमानी हो जाती हैं।

प्रतिबंध लगाने के एक झूठे लॉजिक से सभी वाकिफ हैं। पॉलिथिन थैलियों व प्लास्टिक बैग्स पर लगाम लगाने को लेकर अभियान समय-समय पर चलाए जाते हैं। ऐसे मूवमेंट न सिर्फ हमारे यहां चलते हैं, बल्कि संसार के दूसरे देशों में भी खूब चलते हैं। पर, दुर्भाग्य ये ज्यादा दिनों तक नहीं टिकते। एकाध महीनों में ही दम तोड़ देते हैं। अक्सर देखने को मिलता है कि जैसे ही प्रतिबंध का असर कमजोर पड़ता है और प्रशासनिक धरपकड़ थोड़ी धीमी होती है, तो उसके बाद प्लास्टिक वस्तुओं का इस्तेमाल और तेजी से होना आरंभ हो जाता है।

# मुंबई ट्रेन धमाके के 17 साल, अधर में लटकी पांच गुनाहगारों की फांसी की पुष्टि...

### 180 से अधिक लोगों की गई थी जान

**मुंबई :** 17 साल पहले 11 जुलाई की शाम को व्यस्त समय में मुंबई की लोकल ट्रेनों में एक के बाद एक हुए शक्तिशाली बम विस्फोटों के मामले में बांबे हाई कोर्ट ने अभी तक पांच दोषियों को सुनाई गई मौत की सजा की पुष्टि पर सुनवाई शुरू नहीं की है। 11 जुलाई 2006 को महानगर की लोकल ट्रेनों की पश्चिमी लाइन पर अलग-अलग स्थानों पर 15 मिनट के भीतर सात विस्फोट हुए थे और इसमें 180 से अधिक लोग की जान गई थी जबकि 800 से अधिक घायल हुए।



**चर्चगेट-बोरीवली ट्रेन में पहला धमाका**

पहला बम चर्चगेट से बोरीवली जाने वाली ट्रेन में शाम करीब 6:20 पर हुआ। उस वक्त यह ट्रेन खार और सांताक्रुज स्टेशनों के बीच थी। लगभग उसी समय बांद्रा और खार के बीच एक लोकल ट्रेन में एक और बम विस्फोट हुआ। इसके बाद जोगेश्वरी, माहिम, मीरा रोड-भायंदर, माटुंगा-माहिम और बोरीवली में पांच और विस्फोट हुए। इस मामले में 2006 और 2008 के बीच महाराष्ट्र के आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) ने आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन के 13 सदस्यों को गिरफ्तार किया था।

**20 किलो आरडीएक्स खरीदा**

एटीएस ने कोर्ट में 10,667 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया था। उसके मुताबिक, एक आरोपित ने धमाकों में इस्तेमाल के लिए 15 से 20 किलोग्राम आरडीएक्स खरीदा था। आतंकियों ने प्रेशर कुकरों में अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल कीलों और आरडीएक्स भर विस्फोटों को अंजाम दिया था।

सितंबर 2015 में ट्रायल कोर्ट ने 12 आरोपितों को दोषी ठहराते हुए उनमें से पांच को मौत की सजा सुनाई थी। सात अन्य को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जबकि एक आरोपित को बरी कर दिया गया था। इसके बाद राज्य सरकार ने मृत्युदंड की पुष्टि के लिए बांबे हाई कोर्ट में अपील दायर की। ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई मौत की सजा की पुष्टि हाई कोर्ट द्वारा की जानी चाहिए। दोषियों ने भी अपनी दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देते हुए अपील दायर की।




# अगले महीने खुलेंगे 5 नए स्विमिंग पूल



**मुंबई :** महानगर मुंबई में खेल प्रतियोगिता को प्रोत्साहन देने और बच्चों एवं युवाओं को नेशनल स्तर पर प्रशिक्षण देने के उद्देश से युवासेनाप्रमुख आदित्य ठाकरे ने मनपा में ११ स्विमिंग पूल बनाने की योजना बनाई थी। यह योजना अब रंग ला रही है। इस योजना के तहत ६ स्विमिंग पूल को जनता के लिए कुछ महीने पहले ही शुरू किया गया था, जबकि ५ नए स्विमिंग पूल जल्द ही शुरू होने जा रहे हैं। इससे मुंबईकरों को स्विमिंग के बेहतर विकल्प उपलब्ध होंगे।

जानकारों के अनुसार, पिछली सरकार के पर्यावरण मंत्री रहे आदित्य ठाकरे ने महाविकास आघाड़ी सरकार के कार्यकाल में स्विमिंग पूल योजना पर बल दिया था। उन्होंने जोर देकर इस योजना के लिए काम किया। वर्ष २०१८ में आदित्य ठाकरे के सुझाव पर मनपा ने स्विमिंग पूल बनाने की योजना बनाई थी।

# अब महिला कोचों और प्लेटफार्मों पर वदीर्धारी कर्मियों को किया जाएगा तैनात,
# इस कारण से उठाया ये कदम



**मुंबई :** मुंबई के ट्रेनों में महिला यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेलवे ने बड़ा कदम उठाया है। अब उपनगरीय ट्रेनों के महिला डिब्बों और प्लेटफार्मों पर रात 9 से सुबह 6 बजे तक के बीच 1,200 से अधिक की संख्या में राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) वर्दी में जवानों को तैनात करेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

**यौन उत्पीड़न की घटनाओं के बाद उठाया कदम**

मुंबई में उपनगरीय ट्रेनों में महिला यात्रियों के यौन उत्पीड़न की हालिया घटनाओं के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। पिछले महीने शहर में चलती ट्रेनों में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न की दो घटनाएं सामने आईं थी। लवे पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर दोनों मामले सुलझा लिये थे। पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को इन घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए कहा कि जीआरपी ने ट्रेन यात्रा के दौरान महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए एक योजना बनाई है, खासकर रात और सुबह के समय। उन्होंने कहा, रात 9 बजे से सुबह 6 बजे के बीच महिला डिब्बों में वर्दी में कर्मियों को तैनात किया जाएगा।

**ट्रेनों में 640 कर्मियों को किया जाएगा तैनात**

अधिकारी ने कहा कि इन कर्मियों को जीआरपी, होम गार्ड और महाराष्ट्र सुरक्षा बल से लिया जाएगा। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कर्मचारी भी जीआरपी के साथ समन्वय में काम करेंगे। विशाल मुंबई उपनगरीय ट्रेन नेटवर्क मध्य, पश्चिमी, हार्बर, ट्रांस-हार्बर और बेलापुर-नेरुल-खारकोपर (उलवे) लाइनों में फैला हुआ है। उन्होंने कहा कि रात के समय रेलवे इन मार्गों पर 1,041 ट्रेनों का संचालन करता है। अधिकारी ने कहा, महिला यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए, जीआरपी ने ट्रेनों में 640 और प्लेटफार्मों पर 600 से अधिक कर्मियों को तैनात करने का फैसला किया है।

**हर दिन आते है 700-800 कॉल्स**

अधिकारी ने आगे कहा, 'अगर महिला यात्रियों को पता चलता है कि महिला कोच में सुरक्षाकर्मी नहीं हैं, तो वे तुरंत रेलवे हेल्पलाइन 1512 पर कॉल कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस साल 1 जनवरी से जीआरपी को हेल्पलाइन पर 1.58 लाख से अधिक कॉल प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 13,921 मदद मांगने या जानकारी प्रदान करने के लिए थीं। पुलिस को प्रतिदिन 700 से 800 कॉल प्राप्त होती हैं। उन्होंने कहा कि जीआरपी ने हर कॉल को अटेंड किया और सभी मुद्दों का समाधान किया गया।

# गोरेगांव से मुलुंड के बीच १२.२ किमी लंबी जीएमएलआर परियोजना;
## भूमिगत सुरंगों के निर्माण के लिए आखिरकार मनपा को मिले ठेकेदार!

**मुंबई :** महानगर मुंबई मनपा की महत्वाकांक्षी गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड (जीएमएलआर) परियोजना के तहत बनने वाली दो भूमिगत सुरंगों के निर्माण के लिए आखिरकार मनपा को कंपनियां मिल ही गईं। ८ महीने बाद तीन कंपनियों ने निविदा भरा है। मनपा ने पिछले वर्ष अक्टूबर में इस परियोजना के लिए निविदा जारी किया था और कुल ४ बार इस निविदा जमा करने की तारीख को बढ़ा चुकी है।

पश्चिमी और पूर्वी उपनगर के अंतिम छोर को जोड़ने के लिए मनपा गोरेगांव से मुलुंड के बीच १२.२ किमी लंबी जीएमएलआर परियोजना बना रही है। इसके तहत ४.७ किमी लंबी भूमिगत सुरंग बनाने की योजना है। इसके लिए लगभग ६,३०० करोड़ रुपए खर्च करने का बजट है। अब एनसीसी लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो और एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनियों ने रुचि दिखाई है। इसके तहत पश्चिमी उपनगर में गोरेगांव को पूर्वी उपनगरों में मुलुंड तक कनेक्ट किया जाएगा। इसके तहत कई मुख्य सड़कों, भूमिगत सुरंगों और पुलों का निर्माण किया जाना है। इसमें कई पुलों और सड़क चौड़ीकरण का




काम लगभग पूरा भी हो गया है। इस परियोजना के तहत बोरीवली नेशनल पार्क के भीतर पहाड़ों के बीच ४.७ किमी लंबी सुरंगें होंगी और इनका व्यास १३ मीटर होने की उम्मीद है। ये सुरंगें संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (एसजीएनपी) के नीचे से गुजरेंगी और इनकी गहराई २० मीटर से १६० मीटर के बीच होगी। सुरंगें टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) का उपयोग करके बनाई जाएंगी। इसमें सुरक्षा, बेहतर वेंटिलेशन और प्रकाश व्यवस्था से सुसज्जित होंगी। परियोजना की पूरी लागत ८,५५० करोड़ दो सुरंगों की लागत ६,३०० करोड़ रुपए आंकी गई है, जबकि पूरी परियोजना की लागत ८,५५० करोड़ रुपए से अधिक आंकी जा रही है। मनपा अधिकारी के अनुसार, तीन कंपनियों के दस्तावेज जांच कर उनकी बोली का आकलन किया जा रहा है। जिस भी कंपनी को टेंडर मिलेगा, उसे इस महीने के अंत तक वर्क ऑर्डर दिया जाएगा।

# आश्वसन न पूरे होने के कारण भाजपा और दादा गुट में नाराजगी!

**मुंबई :** अजीत पवार अपनी विशेष शैली के लिए मशहूर हैं। राज्य की ईडी सरकार में शामिल होने के बाद उन्होंने अपनी पुरानी शैली को अपनाते हुए भाजपा पर हावी होना शुरू कर दिया है। यानी उन्होंने अपनी दादा 'गिरी' शुरू कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर देवेंद्र फडणवीस पर वादों को पूरा करने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है। इसी दबाव के चलते मंत्रिमंडल का विस्तार अधर में लटका हुआ बताया जा रहा है।

राकांपा से बगावत कर अजीत पवार राज्य की शिंदे-फडणवीस यानी ईडी सरकार में शामिल हुए। सरकार में शामिल हुए करीब एक सप्ताह हो गया, परंतु मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हो सका। मंत्रिमंडल




का विस्तार न होने के पीछे भाजपा द्वारा अजीत दादा गुट को दिए गए आश्वासन को पूरा न करना बताया जा रहा है। आश्वसन न पूरे होने के कारण भाजपा और दादा गुट में नाराजगी की चर्चा जोरों पर है। देवेंद्र फडणवीस के सागर बंगले पर गत दिवस अजीत पवार और देवेंद्र फडणवीस के बीच बैठक हुई। इस बैठक में अजीत पवार गुट ने मंत्री पद दिए जाने को लेकर समाधान व्यक्त नहीं किया है, जिसके कारण मंत्रिमंडल का विस्तार अधर में लटकने की चर्चा है। बताया जाता है कि अजीत पवार गुट को मंत्रिमंडल में शामिल होने से पहले भाजपा द्वारा जिन विभागों को देने का आश्वासन दिया गया था वह विभाग नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण दादा गुट में बेचैनी बढ़ गई है। अजीत पवार गुट को वित्त, गृह, जलसंपदा विभाग देने के लिए शिंदे गुट और भाजपा तैयार नहीं है। इसकी जगह राजस्व या ऊर्जा विभाग देने की तैयारी भाजपा ने दिखाई है, ऐसी जानकारी भाजपा के सूत्रों ने दी है। सरकारी निवास और मंत्रियों के कार्यालय का वितरण हो चुका है, लेकिन विभागों का बंटवारा अभी तक नहीं हुआ है जिससे दादा गुट में खलबली मची हुई है। ऐसी चर्चा है कि विभागों के बंटवारे को

# १० वर्षों में ठाणे जिले की जनसंख्या एक करोड़ के पार?

**ठाणे :** ठाणे जिले की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। अगर यूं ही ठाणे जिले की संख्या बढ़ती रही तो अगले १० वर्षों में ठाणे जिले की जनसंख्या एक करोड़ के पार जाने की संभावना है। ये जनसंख्या वृद्धि आम नागरिकों की परेशानियों का कारण बन सकती है, ऐसी आशंका विशेषज्ञों ने व्यक्त किया है। एक ओर ठाणे जिले की जनसंख्या मुंबई जिले की बराबरी कर रही है, वहीं ठाणे जिले की सुविधाओं में दम नहीं है। बता दें कि वर्ष २०११ की जनगणना के अनुसार, ठाणे जिले की जनसंख्या ८० लाख ७० हजार ३२ पहुंच गई थी। उस समय ठाणे और पालघर एक ही जिले हुआ करते थे। आज ठाणे जिले



की जनसंख्या ८९ लाख ७६ हजार ६७८ हो गई है। जनसंख्या की दृष्टि से ठाणे जिला राज्य में तीसरे स्थान पर है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले दस वर्षों में ठाणे जिले की जनसंख्या १० से २० लाख बढ़कर एक करोड़ से अधिक हो जाएगी। वर्ष २०११ की जनगणना के अनुसार, ठाणे जिले में ७.१८ प्रतिशत लोग रहते थे। जिले का जनसंख्या घनत्व १,८८१ प्रति वर्ग किलोमीटर है, जबकि राज्य का जनसंख्या घनत्व केवल ३६५ है। राज्य में जनसंख्या घनत्व के मामले में ठाणे जिला मुंबई के बाद दूसरे स्थान पर है।

ठाणे क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि के साथ-साथ पानी की खपत में भी वृद्धि हुई है। २०११ में जनसंख्या १८ लाख ४१ हजार थी इसके अलावा, उस समय ठाणेकर को प्रतिदिन लगभग ३८४ मिलियन लीटर पानी की आवश्यकता होती थी। २०२३ में ठाणे की जनसंख्या लगभग २६ लाख ५० हजार है। ठाणेकरों को फिलहाल प्रतिदिन ५८५ मिलियन लीटर पानी की जरूरत पड़ती है। २०११ में ठाणे मनपा सीमा में लोगों की प्यास बुझाने के लिए करीब ३५ जलस्रोत थे, जिनकी संख्या आज बढ़कर ७८ हो गई है।




# कलंक के जवाब में 'जूते मारो आंदोलन'...

## उद्धव ठाकरे पर हमलावर हुई बीजेपी



**मुंबई :** महाराष्ट्र में राजनीतिक ड्रामा खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है और आए दिन कुछ न कुछ चल ही रहा है. राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की ओर से सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान देवेंद्र फडणवीस को नागपुर का 'कलंक' करार दिया गया था. ठाकरे के इस बयान के बाद बीजेपी बेहद आक्रामक हो गई और उनके खिलाफ 'जूते मारो आंदोलन, चलाने की बात कही. साथ ही बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने ठाकरे के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और उनसे बयान वापस लेने को कहा. राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को ''कलंक'' कहे जाने को लेकर बीजेपी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, ''तुम नागपुर में आकर उन्हें कलंकित कह रहे हो, नागपुर की जनता इनको सबक सिखाएगी. महाराष्ट्र में जहां-जहां भी उद्धव ठाकरे देवेंद्र फडणवीस के बारे में बोलेंगे, वहां पर 'जूते मारो आंदोलन' करेंगे.''

**नागपुर पर कलंक की तरह फडणवीसः उद्धव**

शिव सेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता उद्धव ठाकरे ने कल सोमवार को नागपुर में अपने कार्यकर्ताओं को एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए देवेंद्र फडणवीस को नागपुर का ''कलंक'' करार दे दिया. उनके इस बयान के बाद से ही बीजेपी के कार्यकर्ता भड़क गए और नागपुर में लगे उद्धव ठाकरे के पोस्टर तक फाड़ डाले और आज मंगलवार को नागपुर में ठाकरे की सांकेतिक शव यात्रा निकालकर उनका पुतला तक जलाया.

पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस के गृह क्षेत्र नागपुर में अपने संबोधन में उद्धव ठाकरे ने कहा था, ''बीजेपी नेता फडणवीस नागपुर पर एक कलंक की तरह हैं क्योंकि उन्होंने कहा था कि वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के साथ कोई गठबंधन नहीं करेंगे, लेकिन वो इससे पलट गए और ऐसा किया. '' इस दौरान उद्धव ने बीजेपी नेता का एक पुराना ऑडियो क्लिप भी चलवाया, जिसमें वह यह कहते हुए सुनाई दे रहे थे कि वह कभी एनसीपी के साथ हाथ नहीं मिलाएंगे. उद्धव ने कहा कि बीजेपी नेता की 'ना का अर्थ हां' होता है.

### अब बोल कर दिखाओ: BJP प्रदेश अध्यक्ष

बावनकुले ने कहा, ''कल नागपुर में आए और बोलकर चले गए, और कार्यकर्ताओं को जवाब देने समय नहीं मिला. लेकिन अब इसके बाद आपको महाराष्ट्र में जूते खाना होगा. अब आप फिर से महाराष्ट्र में कहीं भी बोल कर दिखाओ.'' ठाकरे के बयान से बेहद नाराज बावनकुले ने कहा, अब हम 'ईंट का जवाब पत्थर से' देंगे और इसके लिए बीजेपी किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगी. उन्होंने ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है और उन्हें इसके लिए अपना इलाज करवाना चाहिए.

# गणेश मूर्तियों के विसर्जन के लिए मुंबई में 308 कृत्रिम तालाब



**मुंबई :** मनपा प्रशासन ने गणेशोत्सव की तैयारी शुरू कर दी है। मुंबई में इस साल कृत्रिम तालाबों की संख्या पिछले साल के मुकाबले दोगुनी करने का निर्णय मनपा ने लिया है। मनपा की कोशिश है कि ज्यादा कृत्रिम तालाब रहने से अधिक से अधिक गणेश मूर्तियों को इसमें विसर्जित किया जा सकेगा। इस साल मनपा मुंबई में 308 कृत्रिम तालाब बनाएगी। पिछले वर्ष 154 कृत्रिम तालाबों का मुंबई में निर्माण किया गया। इसमें सार्वजनिक एवं घरेलू मिलाकर 66 हजार 127 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया था। मनपा उपायुक्त रमाकांत बिरादर ने कहा कि कृत्रिम तालाबों की संख्या बढ़ाकर 308 की जाएगी। सभी घरेलू गणेशोत्सव की मूर्तियों को कृत्रिम तालाबों में विसर्जित करना अनिवार्य है। कम ऊंचाई की सार्वजनिक गणेशोत्सव मूर्तियों के कृत्रिम तालाबों में विसर्जन को प्राथमिकता देने के विशेष प्रयास किये जायेंगे। इस प्रयोजन के लिए, नगर निगम के कर्मचारियों को निपटान स्थल पर तैनात किया जाएगा और कृत्रिम झील में विसर्जन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बिरादर ने कहा कि पीओपी की मूर्तियों के विसर्जन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# मुंबई में डेंगू के मामलों में भारी वृद्धि देखी जा रही...




**मुंबई :** शहर में पिछले साल जुलाई के पूरे महीने में दर्ज किए गए मामलों की तुलना में 1 से 8 जुलाई के बीच पाए गए डेंगू के मामलों में 49% की वृद्धि देखी गई है। आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई के पहले आठ दिनों में मुंबई में डेंगू के 91 मामले दर्ज किए गए, जबकि जुलाई 2022 में यह संख्या 61 थी। औसतन प्रतिदिन डेंगू के मामलों की संख्या 2 से बढ़कर 11 हो गई है। इस बीच, राज्य में इस साल जनवरी से 7 जुलाई तक डेंगू के 709 मामले सामने आए हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि के दौरान 184 मामले दर्ज किए गए थे।

'डेंगू सामान्य रूप से बढ़ने की तुलना में बहुत पहले बढ़ गया है। हम आम तौर पर जुलाई के अंत तक मामले देखते हैं। कई रोगियों को कम प्लेटलेट गिनती के कारण अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता होती है, ''नागरिक स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा। उन्होंने कहा कि सभी में लगभग 102 डिग्री का उच्च श्रेणी का बुखार, ठंड लगना, शरीर में दर्द और चकत्ते के लक्षण हैं। इस बीच, अतिरिक्त नगर आयुक्त डॉ. सुधाकर शिंदे ने सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग की एक विशेष बैठक बुलाई और डेंगू मलेरिया विरोधी अभियान चलाने का निर्देश दिया। अभियान के तहत, नागरिक स्वास्थ्य विभाग को डेंगू और मलेरिया के लक्षणों वाले रोगियों की खोज करने और लक्षण होने पर चिकित्सा परीक्षण करने के लिए कहा गया है।

**डेंगू से बचने के उपाय**

डेंगू, मलेरिया और अन्य मानसूनी बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी कोविड वॉर रूम को सक्रिय रहने का भी निर्देश दिया है। कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दक्ष शाह ने कहा कि बीएमसी उन मानक संचालन प्रक्रियाओं को लागू कर रही है जिनका उन्होंने कोविड-19 के दौरान पालन किया था। वही। ''हमने निजी अस्पतालों/क्लिनिकों, निजी प्रयोगशालाओं और निजी चिकित्सकों के सहयोग से मलेरिया का पता लगाने का अभियान चलाया है। यदि किसी क्षेत्र में मलेरिया का मामला पाया जाता है, तो हम उसके आसपास के 250 घरों का घर-घर सर्वेक्षण करते हैं। अगर किसी को बुखार होता है, तो हमारी टीम तुरंत रक्त के नमूने जांच के लिए भेजती है। यदि नमूना सकारात्मक परीक्षण करता है, तो हम उस व्यक्ति को उपचार पर रख देते हैं, ''उसने कहा।

# औरंगाबाद में समृद्धि हाइवे पर बस-ट्राले की टक्कर, 18 लोग गंभीर घायल !




**मुंबई :** महाराष्ट्र में समृद्धि हाइवे पर फिर से एक बड़ी सड़क दुर्घटना हुई है. मंगलवार की रात औरंगाबाद यानी छत्रपति संभाजी नगर में एक बस ट्राले से टकरा गई. यह हादसा इतना भीषण था कि बस के सामने से परखच्चे उड़ गए. इस हादसे में फिलहाल 18 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं जबकि 8 लोगों को मामूली चोटें आई हैं. बताया जा रहा है कि बस ने ट्राले को पीछे से टक्कर मारी है. फिलहाल पुलिस ने घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया है जहां उनका इलाज चल रहा है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यह बस हादसा समृद्धि हाइवे के सावंगी के पास हुआ है. इस दौरान तेज रफ्तार बस ने ट्राले को पीछे से टक्कर मारी है. यह प्राइवेट बस नागपुर से पुणे की जा रही थी वहीं ट्राला जालना से सूरत की ओर जा रहा था. बताया जा रहा है कि ट्राले में सरिया भरी हुईं थीं. इस दौरान ही बस ने पीछे से टक्कर मार दी और यह हादसा हुआ.

**32 लोग थे बस में सवार**

जानकारी के मुताबिक बस में कुल 32 लोग सवार थे जिनमें से 18 गंभीर रूप से घायल और 8 सामान्य घाल हुए हैं. घटना करीब रात 2.15 की है.बताया जा रहा है कि बस में कुल 30 ही सवारी थीं बाकि बस का ड्राइवर और एक हेल्पर बस में थे.

**नासिक में भी बस हादसा**

नासिक के सत्पश्रृंगी किले पर स्टेट ट्रांसपोर्ट की बस दुर्घटना ग्रस्त हो गई है. इस बस हादसे में 1 महिला की मौत हो है जबकि 16 लोग घायल हुए हैं. हादसे में 6 लोग गंभीर जख्मी बताए जा रहे हैं. यह हादसा सुबह करीब 7 बजे हुआ है. इस बस में बस ड्राइवर और हेल्पर के साथ 22 यात्री सवार थे. स्थानीय नागरिकों और प्रशासन की मदद से बस में फंसे घायलों को रेस्क्यू किया गया है.



हिमाचल में लैंडस्लाइड में फंसे एमपी के 16 यात्री

# शिवपुरी का 12 लोगों का ग्रुप अमरनाथ से लौट रहा था; सिवनी के दो कपल से संपर्क टूटा

**शिवपुरी।** हिमाचल प्रदेश में तेज बारिश के बीच लैंड स्लाइड हो रहे हैं। यहां तीर्थ यात्रा पर और छुट्टियां मनाने गए मध्यप्रदेश के कई लोग फंस गए हैं। अमरनाथ की यात्रा कर लौट रहे शिवपुरी जिले के 12 युवक मनाली-लेह मार्ग के बीच सरचू बॉर्डर पर तीन दिन से फंसे हुए हैं। सिवनी जिले के दो नवविवाहित जोड़े भी मनाली में तेज बारिश के बीच फंस गए हैं। ये सभी मध्यप्रदेश सरकार से वापस घर लौटने के लिए गुहार लगा रहे हैं। अमरनाथ यात्रा से लौट रहे 12 लोगों ने एक वीडियो जारी किया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मदद की गुहार लगाई है। वीडियो में वे कह रहे हैं कि यहां प्रशासन कोई मदद नहीं कर रहा। आसपास के होटलों और ढाबों पर भी राशन खत्म हो गया है। यात्रियों ने कहा, हम बाबा अमरनाथ के दर्शन कर लौट रहे थे। रास्ते में मनाली घूमने रुक गए, यहां आज हमारा चौथा दिन है। मनाली घूमने गए सिवनी जिले के दो नवविवाहित जोड़ों तेजल - तरुण सनोडिया और दीपक - अरुणा सनोडिया का परिजन से संपर्क टूट गया है। अब परिजन सरकार से उन्हें वापस लाने के लिए मदद मांग रहे हैं। सिवनी विधायक ने बताया कि दोनों जोड़ों



की जानकारी जुटाई जा रही है। सिवनी कलेक्टर क्षितिज सिंघल का कहना है कि मनाली के जिला अधिकारी से संपर्क किया गया है। प्रशासनिक तौर पर सारी जानकारियां मनाली प्रशासन के साथ साझा कर दोनों ही दंपतियों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। हिमाचल में फंसे ट्विंकल जोशी के पिता ने बताया कि शिवपुरी से करीब 12 लोग 27 जून को दो कार से यात्रा पर निकले थे। इनमें उनका बेटा भी शामिल है, उससे तीन दिन पहले बात हुई थी। ग्रुप सरचू बॉर्डर पर टॉप बरालाचाला मार्ग से लौट रहा था, तभी 7 जुलाई को पहले बर्फबारी हुई, फिर तेज बारिश के साथ लैंडस्लाइड हो गया। ट्विंकल जोशी की अमरनाथ यात्रा के दौरान की फोटो। अभी वे मनाली में अपने दोस्तों के साथ फंसे हैं। ट्विंकल जोशी की अमरनाथ यात्रा के दौरान की फोटो। अभी वे मनाली में अपने दोस्तों के साथ फंसे हैं।

शिवपुरी के पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि ग्रुप के पास जो भी खाने-पीने का सामान है, वो आज मंगलवार खत्म हो जाएगा। आसपास के होटलों में भी अब खाने-पीने की सामग्री नहीं बची है। गाड़ियों का डीजल भी खत्म होने वाला है। काफी ऊंचाई पर होने के कारण ऑक्सीजन भी सही से नहीं मिल पा रही है। जानकारी के अनुसार, अभी 4 दिन और हिमाचल में लोगों के फंसे रहने की संभावना है। यहां पानी की बोतल 100 रुपए, एक टाइम खाना बनाने के लिए 300 रुपए का गैस सिलेंडर मिल रहा है, अब तो उसका स्टॉक भी खत्म हो रहा है। 5 रुपए का चिप्स का पैकेट 50 रुपए में मिल रहा है। यात्री अपना दिन कार में गुजार रहे हैं। रात के समय टीन शेड में 1000 रुपए देकर सो रहे हैं। शिवपुरी के दोस्तों को बाबा अमरयात्रा के अच्छे दर्शन हो गए थे, लेकिन यहां से लौटने के दौरान वे हिमाचल में फंस गए। फोटो जम्मू-कश्मीर की है। शिवपुरी के दोस्तों को बाबा अमरयात्रा के अच्छे दर्शन हो गए थे, लेकिन यहां से लौटने के दौरान वे हिमाचल में फंस गए। फोटो जम्मू-कश्मीर की है। शिवपुरी के रहने अनिल शर्मा अत्री पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष, पारम सिंह रावत पूर्व जनपद अध्यक्ष, रोहित मिश्रा, ट्विंकल जोशी, लकी रावत, कृष्णा खंडेलवाल टेंट कारोबारी, विनोद रावत, शिवम गुप्ता साडी कारोबारी, मयंक जैन व्यापारी, लाखन रावत, सुमित श्रीवास्तव और पवन धाकड़ इस यात्रा में फंस गए है। शिवपुरी से 12 लोगों का ग्रुप बाबा अमरनाथ के दर्शन कर लौट रहा था। मनाली में घूमने के लिए ये लोग रुके थे, तभी लैंडस्लाइड के कारण फंस गए। शिवपुरी से 12 लोगों का ग्रुप बाबा अमरनाथ के दर्शन कर लौट रहा था। मनाली में घूमने के लिए ये लोग रुके थे, तभी लैंडस्लाइड के कारण फंस गए। कुल्लू मनाली में हुए लैंडस्लाइड में खंडवा के योगेश जोशी और वीरेंद्र चंदेल भी फंस गए थे। दोनों कुल्लू के श्रीखंड महादेव के दर्शन करने गए थे। दोनों शिमला पहुंच गए हैं। वहां से प्राइवेट व्हीकल कर दिल्ली के लिए निकलेंगे। योगेश का कहना है कि हम लोग मुश्किल से शिमला तक पहुंचे हैं। लैंड स्लाइड के कारण ट्रेनें रद्द हो गई हैं। उत्तराखंड में मध्यप्रदेश के और भी युवा फंसे हुए हैं। ज्यादातर इंदौर के लड़के हैं, उनकी कोई मदद नहीं हो पा रही है। युवकों ने इससे पहले ड्ढह्वष्ठश्वह्ल जारी खंडवा के सांसद, विधायक और सरकार से रेस्क्यू की अपील की थी।

पूर्व डी.जी.पी की नातिन की हत्या

# सहेली के प्रेमी ने गोली मारी; बर्थडे की शॉपिंग कर लौट रही थी

**ग्वालियर।** ग्वालियर में 11वीं की छात्रा की बीच सड़क गोली मारकर हत्या कर दी गई। छात्रा सोमवार रात 8 बजे अपनी सहेली के साथ एक्टिवा पर बर्थडे की शॉपिंग कर घर लौट रही थी। वह सिंधी कॉलोनी के पास मेन रोड पर पहुंची ही थीं, तभी पीछे से बाइक पर आए हमलावरों ने उनके सामने गाड़ी रोकी और कट्?टे से गोली मार दी। गोली छात्रा के सीने और हाथ में लगी। छात्रा प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक (ष्ठत्रक्क) सुरेंद्र सिंह यादव की नातिन है। हमलावर तीन से चार बताए जा रहे हैं। वे छात्रा की सहेली को मारने आए थे। गोली छात्रा को लग गई। हत्या का संदेह सुमित रावत और उसके साथियों पर है। परिवार के अनुसार सुमित काफी समय से दोनों छात्राओं को परेशान कर रहा था। पुलिस सुमित की तलाश में दबिश दे



रही है। घटना मेस्कॉट हॉस्पिटल के पास तिलक नगर की है। 12 जुलाई को छात्रा का जन्मदिन था। वह पिता से अपने लिए कपड़े खरीदने के लिए रुपए भी लेकर गई थी। छात्रा के एक गोली सीने और एक हाथ में लगी। वह मौके पर ही गिर पड़ी। स्थानीय लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने दो बार जांच कर मृत घोषित कर दिया। छात्रा के एक गोली सीने और एक हाथ में लगी। वह मौके पर ही गिर पड़ी। स्थानीय लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने दो बार जांच कर मृत घोषित कर दिया। शहर के सिकंदर कंपू इलाके में रहने वाले शैलेंद्र सिंह यादव की बेटी अक्षया यादव (19) लक्ष्मीबाई कॉलोनी स्थित कोचिंग में जाती थी। सोनाक्षी शर्मा उसके पड़ोस में रहती है। सोमवार शाम दोनों साथ कोचिंग के लिए निकलीं। वहां बाजार जाकर कपड़े खरीदे और फिर घर के लिए आ रही थीं। एक्टिवा अक्षया चला रही थी। सोनाक्षी पीछे बैठी थी। दोनों मेस्कॉट हॉस्पिटल चौराहा निकलकर तिलक नगर के करीब पहुंचीं थीं, तभी बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने एक के बाद एक दो गोलियां चलाई। एक गोली अक्षया के हाथ और दूसरी सीने पर लगी। स्थानीय लोगों ने ऑटो से घायल छात्रा और उसकी सहेली को जेएएच के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। पुलिस और छात्राओं के परिजन भी हॉस्पिटल पहुंच गए। डॉक्टर इलाज शुरू कर पाते, इससे पहले अक्षया ने दम तोड़ दिया। घायल छात्रा को अस्पताल पहुंचाने पर पहले डॉक्टर ने उसे चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। छात्रा को जब डेड हाउस पहुंचा रहे थे, तभी उसके पिता शैलेंद्र सिंह और मां ने बेटी के पास पहुंचकर डॉक्टर को बताया कि अक्षया की सांसें चल रही हैं।

## पुलिस का विशेष अभियान

**बुरहानपुर।** हाल ही में पुलिस मुख्यालय भोपाल की ओर से बिना हेलमेट, सीट बेल्ट वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत यातायात पुलिस शहर के तीन स्थानों पर वाहन चालकों को समझाइश दे रही है। साथ ही तीन सवारी बैठाकर ले जाने वाले बाइक चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। पिछले दो तीन दिन से पुलिस और यातायात विभाग की टीम बाइक चलाते समय हेलमेट, कार चलाते समय सीट बेल्ट नहीं लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर रही है। हाइकोर्ट के आदेश पर 7 जुलाई से 7 सितंबर तक विशेष अभियान चलाते हुए नियम तोड़ने पर चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। अभियान के लिए ट्रैफिक की एक टीम बनाई गई है। एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय भोपाल की ओर से अभियान को लेकर आदेश मिले हैं। हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने के प्रति आमजन, वाहन चालकों को जागरूक कर रहे हैं। अगर फिर भी वाहन चालक हेलमेट का उपयोग नहीं करते हैं तो पुलिस चालानी कार्रवाई भी करेगी।

पीएम मातृ वंदना योजना

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का आरोप- कई महीनों से आ रहे फ्रॉड कॉल्स



**भोपाल।** गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के उद्देश्य से 2017 में शुरू की गई पीएम मातृ वंदना योजना कई महीनों से सायबर फ्रॉड्स के निशाने पर है। प्रदेश की आंगनवाड़ी सहायिकाओं और कार्यकर्ताओं का आरोप है कि अनजान कॉलर लगातार उन्हें और हितग्राहियों को फोन करके जानकारी लेने का प्रयास कर रहे हैं। रविवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के कार्यक्रम में शामिल होने भोपाल पहुंचीं कई कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं ने इसकी जानकारी दी। देवास की कार्यकर्ता सुमन कुमारी (परिवर्तित नाम) ने कहा की 6 महीने पहले तक लगातार कॉल्स आए जो हितग्राहियों की आधार और बैंक खातों की जानकारी विभाग के अधिकारी बनकर मांग रहे थे। शुजालपुर की कर्मचारियों ने बताया कि कॉलर विभाग के अधिकारी बनाकर डिटेल्स मांगते हैं। हरदा में कार्यकर्ताओं को परियोजना अधिकारी बनकर कॉलर ने हितग्राहियों के आधार और बैंक डिटेल्स मांगे थे। जिले में एक महिला हितग्राही के खाते से इसी तरह 3000 रु. निकल गए। छिंदवाड़ा की विभाग में डब्ल्यूबीसीएल पद पर काम कर रही 54-वर्षीय महिला ने बताया कि उन्हें कॉलर ने किसी कार्यक्रम में बुलाया और उसके नाम पर ओटीपी मांगा। व्हाट्सएप कॉल करके बाद में उनका अश्लील वीडियो भी बनाया जिसकी शिकायत उन्होंने साइबर सेल को की। अधिकतर कार्यकर्ताओं - सहायिकाओं ने बताया कि ऐसे कॉल्स में मातृ वंदना योजना कि डिटेल्स मांगते हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता -सहायिका यूनियन कि अध्यक्ष विद्या खंगार ने कहा कि इस तरह के कॉल्स कई जिलों में मातृ वंदना योजना के लिए लगभग 2 साल से आ रहे हैं।

# स्कूल में 10वीं के स्टूडेंट की हार्ट अटैक से मौत

**छतरपुर।** छतरपुर के महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में 10वीं कक्षा के छात्र को अचानक हार्ट अटैक आ गया। स्कूल में प्रार्थना के दौरान वह बेहोश होकर गिर गया। उसे सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) दिया गया। होश नहीं आने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने चेक कर उसे मृत बता दिया। जानकारी के अनुसार छात्र सार्थक टिकरिया (17) था। रोजाना की तरह सोमवार को भी सुबह 6 बजे उठा। तैयार होकर स्कूल चला गया। स्कूल में करीब साढ़े सात बजे जब सभी बच्चे प्रार्थना के लिए लाइन में खड़े थे। वह अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। स्कूल स्टाफ ने उसे सीपीआर देने का प्रयास किया और परिजन को सूचना दी। जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ.अरविंद सिंह ने मौत की पुष्टि करते हुए परिवार को बताया कि बच्चे को कार्डियक अरेस्ट आया है। परिवार ने बेटे का नेत्रदान किया है। सार्थक के पिता आलोक टिकरिया नामी बिजनेसमैन हैं। सार्थक तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था। बड़ा भाई भुवनेश्वर और बहन नोएडा में पढ़ रहे हैं। सार्थक का अंतिम संस्कार भाई, बहन और परिजनों के आने के बाद आज सिंघाड़ी नदी स्थित मुक्तिधाम पर किया जाएगा।

अमित शाह आज आएंगे भोपाल

# मप्र के प्रभारी भूपेन्द्र और सहप्रभारी वैष्णव के साथ मप्र के नेताओं के साथ करेंगे चुनावी रणनीति पर चर्चा

**भोपाल।** मप्र में चुनावी बिसात बिछनी शुरु हो गई है। चुनाव में महज चार महीने का वक्त बचा है। ऐसे में बीजेपी ने मप्र के विधानसभा चुनाव के लिए केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को प्रभारी और अश्विनी वैष्णव को सह प्रभारी बनाया है। पीएम नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के विश्वस्त मंत्रियों की एमपी में तैनाती के बाद पहली बार आज केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भोपाल आएंगे। बीजेपी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री अमित शाह का भोपाल आने का कार्यक्रम पहले से तय था।



लेकिन उनके भोपाल प्रवास की तारीख सोमवार को ही तय हुई। दोनों प्रभारियों के साथ मप्र के चुनिंदा नेताओं की अमित शाह बैठक लेंगे। भोपाल में प्रदेश भाजपा कार्यालय में अमित शाह की कुछ सिलेक्टेड नेताओं के साथ मीटिंग होगी। इस बैठक में अमित शाह के साथ केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, अश्विनी वैष्णव, शिवप्रकाश, अजय जामवाल, सीएम शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेन्द्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय शामिल होंगे। अमित शाह के साथ होने वाली इस बैठक में मप्र के विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा होगी। मप्र के चुनाव को लेकर ऐसा सिस्टम बनाया जाएगा। जिससे मप्र की रोजाना के बड़े मुद्दों और घटनाक्रमों की डेली रिपोर्ट केन्द्रीय कार्यालय को भेजी जाएगी। जिन नेताओं को चुनावी नजरिए से जो काम दिए जाएंगे उसकी मॉनिटरिंग भी केन्द्रीय टीम करेगी। अमित शाह के दौरे को लेकर मप्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा-अमित शाह हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में भाजपा ने ऐतिहासिक सफलताएं हासिल की हैं। उनके संगठन कौशल का सभी कार्यकर्ताओं को लाभ मिलता रहा है। उनका आना हमारे लिए गर्व का विषय है। सभी कार्यकर्ता उनका भव्य स्वागत करेंगे।



# नफरती भाषण न दे कोई भी पार्टी, मणिपुर हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर दिखाई सख्ती

**नई दिल्ली।** मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर से सख्ती दिखाते हुए कहा है कि कोई भी पार्टी नफरती भाषण न दे जिससे मामला और बढ़े। समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया कि शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि वह केंद्र और मणिपुर राज्य पर लोगों के जीवन की रक्षा के लिए तैयारी करने का दबाव बनाएगी। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कुकी जनजाति की सुरक्षा भारतीय सेना से कराए जाने संबंधी मणिपुर ट्राइबल फोरम की याचिका को खारिज कर दिया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि कोर्ट के लिए सेना और अर्धसैनिक बलों को ऐसा निर्देश जारी करना अनुचित होगा। सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सभी पक्षों से संतुलन की भावना बनाए रखने और किसी भी नफरत



भरे भाषण में भाग नहीं लेने का आग्रह किया। बता दें कि एक दिन पहले उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा था कि राज्य में हिंसा बढ़ाने के लिए मंच के रूप में शीर्ष अदालत का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने मणिपुर में संघर्षरत जातीय समूहों को अदालती कार्यवाही के दौरान संयम बरतने का सुझाव दिया। साथ ही उसने स्पष्ट किया कि वह हिंसा खत्म करने के लिए कानून एवं व्यवस्था के तंत्र को अपने हाथ में नहीं ले सकता है क्योंकि यह केंद्र और राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।

राज्य में मेइती और कुकी समुदायों के बीच झड़पों में अब तक कम से कम 150 लोगों की मौत हो चुकी है तथा सैकड़ों अन्य घायल हो गए हैं। पहली बार हिंसा तीन मई को तब भड़की जब मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में राज्य के पहाड़ी जिलों में जनजातीय एकजुटता मार्च आयोजित किया गया था। मणिपुर की आबादी में मेइती समुदाय के लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं। जनजातीय नगा और कुकी आबादी का हिस्सा 40 प्रतिशत है और वे पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

# ईडी डायरेक्टर का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाना गैर-कानूनी

## सुप्रीम कोर्ट ने नई नियुक्ति का आदेश दिया, 31 जुलाई तक पद पर रह सकेंगे मिश्रा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि श्वष्ठ डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाने का केंद्र का फैसला गैर-कानूनी है। कोर्ट के इस आदेश के बावजूद मिश्रा 31 जुलाई तक पद पर बने रहेंगे। तब तक सरकार को नए चीफ की नियुक्ति करनी होगी। पहले संजय मिश्रा को 18 नवंबर को रिटायर होना था। केंद्र ने अध्यादेश के जरिये उनका



कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाया था, जबकि कोर्ट पहले ही कह चुका था कि दूसरी बार के बाद संजय मिश्रा का कार्यकाल न बढ़ाया जाए। मामले में सरकार का तर्क है कि संजय मिश्रा की जगह लेने के लिए अभी कोई दूसरा अफसर तलाश नहीं किया जा सका है। वे अभी मनी लॉन्ड्रिंग के कई मामलों की निगरानी रख रहे हैं। ऐसे में नई नियुक्ति के लिए हमें थोड़ा और समय चाहिए। केंद्र के फैसले के खिलाफ कॉमन कॉज ह्लह्ल की याचिका पर जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संजय करोल की बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने 8 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने 2021 में कार्यकाल बढ़ाने वाले कानून में हुए बदलाव को वैध बताया है।

# पंचायत पदाधिकारियों के मानदेय में होगी तीन गुना वृद्धि : मुख्यमंत्री

## ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से लोगों की जिन्दगी आसान बनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री ने कहा है कि त्रि-स्तरीय पंचायत, राज्य संस्थाओं के प्रतिनिधि ग्रामीण विकास योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। मनरेगा फंड सहित अन्य योजनाओं की राशि का सदुपयोग करते हुए लोगों की जिन्दगी को आसान बनाने का कार्य किया जाए। संबल योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक पहुँचे इसके लिए सजग और सक्रिय रहें। मुख्यमंत्री चौहान ने आज समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास से वीसी द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री जन-कल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत प्रदेश के 26 हजार 150 श्रमिकों को 583.36 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किया और पंचायतराज प्रतिनिधियों से संवाद भी किया। संवाद में प्रदेश के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायकों सहित जिला एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी वर्चुअली जुड़े।



मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि श्रमिक परिवारों को प्राप्त सहायता राशि उनके लिए संबल साबित होगी। जिला पंचायत और जनपद पंचायत के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, उप सरपंच, पंच आदि के मानदेय में लगभग तीन गुना वृद्धि की जा रही है। इसके साथ ही वाहन भत्ता भी बढ़ाया जाएगा। शीघ्र ही इस संबंध में आदेश जारी होंगे। निर्विरोध चुनी गई 705 पंचायतों को 55 करोड़ 20 लाख रूपए की राशि जारी कर दी गई है।

### प्राप्त राहत राशि से आजीविका की गाड़ी चलेगी

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आज संबल योजना में दी गई राशि से मजदूर परिवारों की आजीविका की गाड़ी चल सकेगी। संबल योजना की शुरूआत वर्ष 2018 में हुई थी। 16 मई 2022 को मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) लागू की गई। गरीब श्रमिकों को रोटी, कपड़ा और मकान के अलावा संकट की स्थिति में आर्थिक सहायता मिले, इस उद्देश्य से योजना प्रारंभ की गई थी। परिवार में किसी के बीमार होने, प्रसूति, दिव्यांगता और असामयिक मृत्यु पर परिवार को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता था।

### पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद


मुख्यमंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद में कहा कि महात्मा गांधी नरेगा (मनरेगा) और अन्य योजनाओं के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का विस्तृत प्रस्तुतिकरण मार्गदर्शी सिद्ध होगा। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में सभी जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग आवश्यक है। राज्य सरकार ने पंचायत पदाधिकारियों के हितों की चिंता की है। मानदेय वृद्धि का निर्णय लिया गया है। हाल ही में रोजगार सहायकों का मानदेय 9 हजार से बढ़ाकर 18 हजार रुपए किया गया।

# नेपाल में हेलिकॉप्टर क्रैश, पायलट और 5 विदेशियों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में मंगलवार को लापता हुए हेलिकॉप्टर का मलबा बरामद हो गया है। हिमालयन टाइम्स के मुताबिक, मलबे के पास से 6 शव भी बरामद हुए हैं। मलबा लिखू पीके गांव और दुधकुंडा नगर के बॉर्डर के पास मिला, जिसे लामाजुरा डांडा भी कहा जाता है। गांव के नागरिकों ने इसकी सूचना अधिकारियों को दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हेलिकॉप्टर को सीनियर कैप्टन छेट गुरुंग उड़ा रहे थे। इसमें मेक्सिको के 5 नागरिक सवार थे। गांव के लोगों ने बताया कि क्रैश होते ही हेलिकॉप्टर में धमाका हुआ और आग लग गई। इससे पहले मंगलवार सुबह हेलिकॉप्टर माउंट एवरेस्ट के करीब लापता हो गया। नेपाल विमान अधिकारियों के मुताबिक, मनांग एयर के हेलिकॉप्टर ने सुकरी से काठमांडू के लिए सुबह 10:04 बजे उड़ान भरी थी। नेपाल सिविल एविएशन अथॉरिटी के अधिकारी ग्यानेंद्र भुल ने कहा उड़ान भरने के 10 मिनट बाद ही 10 :13 बजे हेलिकॉप्टर का संपर्क कंट्रोल टावर से टूट गया और यह राडार से गायब हो गया था।



# दिल्ली हाई कोर्ट का सुशांत सिंह राजपूत केस से प्रेरित फिल्म पर रोक लगाने से इनकार, कहा- 'सब सार्वजनिक है'



नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत केस से प्रेरित फिल्म की स्ट्रीमिंग को रोकने से इनकार कर दिया है। हाई कोर्ट ने सुशांत के पिता कृष्ण कुमार सिंह की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि एक्टर के नजी अधकिार उनकी मौत के साथ ही खत्म हो गए हैं। लिहाजा, इस फिल्म की स्ट्रीमिंग पर रोक नहीं लग सकती है। सुशांत पर बनी फिल्म जून, 2021 से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हो रही है।

दरअसल, कथित तौर पर सुशांत सिंह राजपूत के जीवन से प्रेरित एक फिल्म ह्यन्याय: द जस्टिसह्न लपालप ओरिजिनल नाम के प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हो रही है। सुशांत के पिता केके सिंह ने फिल्म को बैन करने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। राइट टू प्राइवेसी यानी निजता के अधिकार का हनन करने के तहत मामला भी दर्ज करवाया। इसके बाद ये केस दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गया।

# अपनी सफलता को तीन स्तर पर आंकती हैं सारा

**सबके** लिए सफलता के अलग-अलग मानक होते हैं। फिल्म अभिनेत्री सारा अली खान के लिए सफलता के तीन चरण हैं। हाल ही में वह इस बारे में बात करती नजर आईं। इतना ही नहीं, सारा का मानना है कि जून में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' उनके तय किए गए सभी तीनों चरणों पर खरी उतरी है। सारा अली खान सफलता को तीन स्तर पर आंकती हैं- धारणा के अनुसार, मानसिक और आंतरिक। सारा अली खान का कहना है कि फिल्म अच्छा कलेक्शन करे और परिवार को हमारा काम पसंद आए यह सबसे महत्पूर्ण है। सारा ने यह भी कहा कि फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' को उन्होंने अपना सौ फीसदी दिया। सफलता के अपने पैमानों पर बात करते हुए सारा ने कहा, 'मेरे लिए, सफलता के तीन स्तर हैं। एक है धारणात्मक सफलता। मैंने और विक्की ने कहा था कि फिल्म 50 करोड़ रूपये कमाएगी तो पब्लिकली हम लोग सफल होंगे। लेकिन, टचवुड हमने 85 करोड़ रूपये कमाए।'



सारा ने अपनी सफलता के अगले पैमाने यानि मानसिक सफलता पर बात करते हुए कहा, 'मेरी मां और भाई को मेरा काम पसंद आया। मुझे अपने काम पर गर्व है।' सारा ने आगे कहा, 'आंतरिक सफलता आपको उस दिन मिल जाती है, जब आप यह जान जाते हैं कि आपने अपना सौ फीसदी दिया है। हर दिन अपना 100 फीसदी देना एक सफलता है'।

# पर्दे पर साथ दिखेंगे विक्की-तृप्ति



**बॉलीवुड** एक्टर विक्की कौशल की हालिया रिलीज 'जरा हटके जरा बचके' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल कर दिया। सारा अली खान के साथ पर्दे पर उनकी जोड़ी को काफी पसंद किया गया था। मूवी ने अच्छा-खासा कलेक्शन किया। अब विक्की एक और फिल्म के साथ पर्दे पर धमाल मचाने वाले हैं। विक्की कौशल अपनी अपकमिंग फिल्म में 'कला' एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी के साथ नजर आएंगे। करण जौहर की इस निर्मित फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। ये फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने अनाउंसमेंट की है कि विक्की-तृप्ति स्टारर अपकमिंग मूवी 23 फरवरी 2024 को थिएटर्स में दस्तक देगी। तृप्ति डिमरी ने फिल्म के रिलीज डेट की अनाउंसमेंट करते हुए अपनी एक्साइटमेंट शेयर की है। उन्होंने पोस्ट शेयर कर कैप्शन में लिखा, ₹यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इतने अच्छे लोगों के साथ काम करने के अनुभव और प्यार से बेहतर और कुछ नहीं हो सकता है। जुनून.. खुशी...हंसी और बहुत सारी भावनाएं 23 फरवरी 2024 को हमारे साथ हैं।₹



अमेजन प्राइम और धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही फिल्म में विक्की कौशल के साथ तृप्ति डिमरी और पंजाबी एक्टर एमी विर्क भी लीड रोल में दिखाई देंगे। इसका निर्देशन आनंद तिवारी कर रहे हैं। विक्की और तृप्ति पहली बार साथ में स्क्रीन शेयर करेंगे। फिलहाल, अभी फिल्म के टाइटल की घोषणा नहीं हुई है।

# मनीषा रानी ने की अविनाश की चुगली

**सलमान** खान का रियलिटी शो 'बिग बॉस' अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियां बटोरता है। शो में कई कंटेस्टेंट्स के एक दूसरे से झगड़े होते हैं। वहीं, शो में एंटरटेनमेंट को बनाए रखने के लिए अजीबोगरीब टास्क भी होते रहते हैं। इस टास्क में किसी की किसी से बॉन्डिंग बनती है, तो किसी के बीच दूरियां बढ़ जाती हैं। ऐसा ही एक टास्क अपकमिंग एपिसोड में दखने को मिलेगा।

'बिग बॉस ओटीटी 2' में अब तक का सबसे एडवेंचर्स टास्क जद हदीद और आकांक्षा पुरी के बीच दिखाया गया है। टास्क के अनुसार, इन्होंने एक दूसरे को लिप किस किया। करीब 30 सेकंड तक चले इस किस सीन पर फैंस के बीच खूब हल्ला मचा था। अब एक और टास्क कंटेस्टेंट्स परफॉर्म करते दिखेंगे, लेकिन इस बार हल्ला ऑडियंस नहीं, बल्कि कंटेस्टेंट्स में आपस में होते देखने को मिलेगा। दरअसल, घरवालों को एक दूसरे की चुगली करने का टास्क दिया गया है।



सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि मनीषा, बेबिका के साथ अविनाश सचदेव की बुराई करती हैं। मनीषा कहती हैं, ''नाम है सचदेव, लेकिन सबसे ज्यादा झूठ वही बोलता है।'' इस पर बेबिका तंज मारती हैं, ''अविनाश कारी विपरीत बुद्धि।'' इस दौरान अविनाश सचवेद, जिया शंकर और पूजा भट्ट हॉल में बैठे होते हैं। अविनाश यह सब सुन रहे होते हैं, और उनका चेहरा गुस्से से लाल होता है।

# फिल्म जवान का प्रिव्यू रिलीज



**बॉलीवुड** के किंग खान शाहरूख खान की आने वाली फिल्म जवान का प्रिव्यू रिलीज हो गया है। शाहरूख खान इन दिनों दक्षिण भारतीय निर्देशक एटली की आने वाली फिल्म जवान में काम कर रहे हैं। फिल्म जवान का प्रिव्यू रिलीज कर दिया गया है। जवान के प्रीव्यू से शाहरुख खान समेत फिल्म के कई स्टार का लुक रिवील कर दिया गया है। शाहरूख खान सोल्जर के किरदार में नजर आ रहे हैं। वहीं, नयनतारा पुलिस ऑफिसर के रोल में दिखाई दीं। इनके अलावा विजय सेतुपति भी फिल्म जवान का हिस्सा हैं। दीपिका पादुकोण प्रिव्यू में जमकर मारधाड़ करते हुए दिखाई दे रही हैं। जवान के प्रिव्यू में शाहरुख का एक डायलॉग है, 'जब मैं विलेन बनता हूं ना, तो मेरे सामने कोई हीरो टिक नहीं पाता है। प्रीव्यू में मेट्रो के अंदर का एक सीन है, जहां वर्दी पहने शाहरुख 'आपको हमारी कसम लौट आइए' पर डांस कर रहे हैं।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com